भारत सरकार रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

सीईएन सं 04/2024
(पैरामेडिकल के विभिन्न पदों के लिए)
पैरामेडिकल के 08 कोटियों (2, 3, 6, 7, 10 , 13, 14 एवं 17) के सीबीटी में उपस्थित अभ्यर्थियों हेतु सीबीटी के प्रश्न, उत्तर और उत्तर कुंजी देखने एवं प्रश्नों/विकल्पों/कुंजियों पर यदि कोई आपत्ति हो, उसे दर्ज करने के लिए लिंक रिओपेन हेतु सूचना

सीईएन सं 04/2024 के तहत पैरामेडिकल की अधिसूचित 19 कोटियों के लिए दिनांक 28.04.2025 से 30.04.2025 तक आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को उनके प्रश्न और उत्तर कुंजी देखने व यदि कोई आपत्ति हो तो आपत्ति करने हेतु सबंधित आरआरबी की वेबसाईटों पर एक लिंक उपलब्ध कराया गया था जो 06.05.2025 (16. 00 Hrs.) बजे से लेकर दिनांक 11.05.2025 (23.59 Hrs.) बजे तक सक्रिय था। यह संज्ञान में आया है कि पैरामेडिकल की अधिसूचित 19 कोटियों में से 08 कोटियों (2, 3, 6, 7, 10 , 13, 14 एवं 17) से सबंधित अभ्यर्थियों को तकनीकी कारणों से प्रश्नों, विकल्पों और कुंजियों के संबंध में आपत्तियॉ दर्ज करने में दिक्कत आयी है। अतएव अभ्यर्थियों की तकनीकी समस्याओं एवं उनकी सुविधा को देखते हुए इन कोटियों से सबंधित परीक्षा में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए प्रश्नों, विकल्पों को देखने और कुजियों के सबंध में आपत्ति यदि कोई हो तो दर्ज करने हेतु सबंधित लिंक निम्नानुसार एक बार पुनः रिओपेन किया जा रहा है :

1. पैरामेडिकल के 08 कोटियों (2, 3, 6, 7, 10 , 13, 14 एवं 17) के सीबीटी में उपस्थित अभ्यर्थियों हेतु समय सारिणी:

क्रमांक	गतिविधि	तिथि और समय
1	प्रश्न एवं उत्तर कुंजी देखना और प्रश्नों, विकल्पों और कुंजियों के विरूद्व आपत्तियॉ दर्ज और ऑनलाइन शुल्क भुगतान करना।	15.05.2025 को 16:00 बजे से
2	प्रश्न देखने, आपत्तियॉ दर्ज करने और भुगतान विंडो बंद होने की तिथि।	20.05.2025 को 23:59 बजे तक

2. आपत्तियॉ दर्ज करने हेतु शुल्क :

आपत्तियॉ दर्ज करने के लिए निर्धारित शुल्क 50/- रूपये प्रति प्रश्न के साथ लागू बैंक सेवा शुल्क भी देय है। यदि उठाई गई आपत्ति सही पाई जाती है, तो ऐसी वैध आपत्तियों के विरुद्ध भुगतान किया गया शुल्क लागू बैंक शुल्क की कटौती के बाद उम्मीदवार को वापस कर दिया जाएगा। यह रिफंड उसी खाते में किया जाएगा जहॉ से उम्मीदवार ने ऑनलाइन भुगतान किया है।

3. शुल्क भुगतान का तरीका:

a. डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड
b. यूपीआई
c. नेट बैंकिंग

4. आपत्तियॉ दर्ज करने की प्रक्रिया :

आवश्यक दिशा-निर्देशों के साथ विस्तृत प्रक्रिया आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर दिए गए लिंक में उपलब्ध होगी।

5. पैरामेडिकल के सबंधित 08 कोटियों (2, 3, 6, 7, 10 , 13, 14 एवं 17) के कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अंतिम तिथि और समय आर्थात 20.05.2025 को 23:59 बजे से पहले आपत्ति (यदि कोई हो) दर्ज करें, उक्त अवधि के बाद प्रश्नों, विकल्पों, कुंजियों आदि पर उम्मीदवारों के किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

6. दर्ज की गई आपत्तियों पर आरआरबी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा और इस मामले में उम्मीदवारों से कोई और पत्राचार नहीं किया जाएगा।

दिनांक 15.05.2025

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड